राधा रस नाम प्याला

राधा रस नाम प्याला मैं घट घट करके पी गई,
बरसाने वाली राधा मेरी हर ली सारी वाधा,
मैं महिमा गाऊ इसकी,
कमली पगली कर डाला,
मैं घट घट करके पी गई

इस नाम में नवदा भगति इस नाम में अध्भुत शक्ति,
श्री राधा नाम का जादू कर लेता सबको काबू,
रस मीठा बड़ा ही निराला मैं घट घट कर के पी गई,
राधा रस नाम प्याला ....

इस नाम पे मस्ती भरी रस पी कर चढ़े खुमारी,
ये नाम बड़ा गुण कारी ये नाम बड़ा हितकारी,
ये नाम बड़ा सुख वाला मैं घट घट कर के पी गई,
राधा रस नाम प्याला ....

ये नाम परम धन सबका ये जीवन धन है सबका,
यही नाम श्याम धन भावे यही नाम मुरलियाँ गावे,
चारो फल देने वाला मैं घट घट करके पी गई,
मैं घट घट कर के पी गई,
राधा रस नाम प्याला ....

संजीवनी कल्प तरु ये हर वाधा मधुप हरु ये,
इस नाम को जो जन जपते सब रोग है उनके कट ते,
ये नाम जपं की माला मैं घट घट कर के पी गई,
राधा रस नाम प्याला ....

स्वर : सर्व मोहन (टीनू सिंह)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6915/title/radha-ras-naam-pyaala-main-ght-ght-karke-pee-gai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |